तापमान

अधिकतम 36.6 डिग्री
न्यूनतम 23.3 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, सोमवार, 14 जुलाई 2025

10 35 साल बाद भी नहीं बदली व्यवस्था, बदहाली पर...



10 रोटरी क्लब अंबाला डायमंड ने 20 बुजुर्गों को दिया लंच



**खबर संक्षेप**

### गृह कलेश में पति ने सुसाइड किया

**पानीपत।** राकेश नगर निवासी 47 वर्षीय चंद्रेश ने गृह कलेश के चलते फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। चंद्रेश का अपनी पत्नी सुनीता के साथ आए दिन झगडा होता था। कलह से तंग होकर चंद्रेश ने शनिवार की रात को अपने घर के कमरे में फंदा लगा कर सुसाइड कर लिया। मृतक के पुत्र हार्दिक ने बताया कि उनके पिता व माता के बीच झगडा रहा रहता था, इस कारण ही उनके पिता ने सुसाइड किया है। वहीं, पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद चंद्रेश का शव उसके परिजनों को सौंप दिया।

### यज्ञ कर रहे आर्य समाजियों को पीटा

**पानीपत।** गांव बापौली में आर्य समाज के मंदिर में हवन कर रहे आर्य समाजियों जितेंद्र वर्मा, नवीन कुमार व इनके साथियों को सरपंच के पति व इसके साथियों ने दौड़ा दौड़ा कर पीटा। वहीं घटनास्थल पर उपस्थित पुलिस भी हमलावरों को नहीं रोक पाई। आर्य समाजियों का आरोप है कि मंदिर की जगह पर बस स्टॉप बनाया जाना था, लेकिन मंदिर से जुड़े पदाधिकारियों ने जगह देने से इंकार कर दिया। इस पर सरपंच पति ने अपने साथियों को बुलाकर लोगों पर हमला कर दिया। इधर, सरपंच पति का आरोप है कि आर्य समाज मंदिर का ताला तोडा गया था और व उन पर और उनके साथियों के साथ भी मारपीट की गई है।

### घर से जेवरात और नकदी ले उड़े चोर

**इसराना।** पानीपत के गांव लुहारी निवासी अक्षय कुमार के घर का चोरों ने ताला तोड़कर गहने और कैश चुरा लिया। अक्षय ने बताया कि वह शनिवार की रात को ड्यूटी पर गए थे। जबकि उनकी पत्नी व मां, उनके भाई के घर सोने चली गई थी। वे जब सुबह घर लौटी तो घर का कुंडा टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो अलमारी खुली हुई थी। चोर सोने की दो अंगूठियां, एक मंगलसूत्र और सात हजार रुपए नकदी चोरी हुई मिली। अक्षय की शिकायत थाना इसराना पुलिस ने के दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### साइबर ठगों से सतर्क रहे जनता

**पानीपत।** पुलिस ने साइबर अपराध पर अंकुश लगाने व आमजन को साइबर अपराध के विरुद्ध जागरूक करने के उद्देश्य से एडवाइजरी जारी करते हुए नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे ऑनलाइन पार्ट टाइम जॉब ऑफर के प्रलोभन से बचें। पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने साइबर फ्रॉड बारे में जानकरी देते हुए कहा कि साइबर ठग लोगों को ऑनलाइन पार्ट टाइम जॉब देने का ऑफर करते हुए दिन में एक से दो घंटे तक काम करके हजारों रूपये प्रतिदिन कमाने का लालच देते है। ऐसे लालच देने वालों से बचना चाहिए।

### रेशनेलाइजेशन से मचा हड़कंप

**पानीपत।** हरियाणा सरकार द्वारा करवाई जा रही रेशनेलाइजेशन के तहत नियुक्त रेशनेलाइजेशन आयोग द्वारा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग में लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के पदोन्नति से भरे जाने वाले उच्च पदों में बड़े पैमाने पर की गई कटौती का प्रारुप सामने आने पर विभाग के लिपिक वर्गीय कर्मचारियों में हड़कंप मच गया है, जिसके चलते इन कर्मचारियों ने अपने उच्च पदों को बचाने की कवायद शुरू कर दी है।

### पुलिस ने जानलेवा हमलावर पकड़ा

**पानीपत।** थाना पुराना औद्योगिक पुलिस ने बत्रा कॉलोनी में मोनू नामक दो युवकों पर गंडासी से जानलेवा हमला करने के मामले में नाबालिग आरोपी को शामिल जांच कर गिरफ्तार किया है। थाना पुराना औद्योगिक प्रभारी इंस्पेक्टर देवेंद्र ने बताया इस मामले में धर्मेंद्र की शिकायत पर केस दर्ज है।

## डीडी शर्मा की अगुवाई में किया गया केंद्रीय मंत्री का सम्मान

# सरस्वती की नगरी पिहोवा के लिए राज्य के साथ केंद्र भी दे रहा है विशेष ग्रांट : मनोहर लाल

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार व प्रदेश की भाजपा की अगुवाई वाली डबल इंजन सरकार प्रदेश का तीव्र गति से विकास कर रही है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिहोवा




केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश व केंद्र सरकार दोनों से ही पिहोवा हलके के विकास के लिए विशेष ग्रांट जारी की जा रही है। इसके लिए जय भगवान शर्मा डीडी के अथक प्रयास रहे है, जिसके चलते प्रदेश और केंद्र सरकार दोनों ही सरस्वती की नगरी पिहोवा के लिए दिल खोल कर अनुदान राशि दे रही है।

पिहोवा हलके का भरपूर विकास करवाने के लिए जय भगवान शर्मा डीडी दिन रात प्रयासरत रहते हैं। केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल रविवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता जयभगवान शर्मा डीडी के निवास स्थान पर बातचीत करने उपरांत बोल रहे थे। इससे पहले केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल ने भाजपा नेता जयभगवान शर्मा डीडी के निवास स्थान पर पहुंचकर उनका कुशलक्षेम जाना। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि केंद्र सरकार व प्रदेश की भाजपा की अगुवाई वाली डबल इंजन सरकार हरियाणा का तीव्र गति से विकास कर रही है।

उन्होंने कहा कि जिस विधानसभा क्षेत्र की जय भगवान शर्मा डीडी जैसे मेहनती नेता अगुवाई करते वह हलका विकास के मामले में दूसरे क्षेत्रों के लिए मिसाल बन जाता है। इसी के चलते पिहोवा हलका जय भगवान शर्मा डीडी की मेहनत, केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के चलते विश्व मानचित्र पर एक अलग पहचान स्थापित करने और बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पिहोवा हलके के विकास के लिए ग्रांटों की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। डीडी शर्मा पिहोवा के विकास के लिए जो भी मांग उनके समक्ष रखेंगे। उसको पहल के आधार पर पूरा किया जाएगा। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और जय भगवान शर्मा के बीच राजनीतिक विषय पर लगभग आधा घंटा चर्चा हुई।

उन्होंने डीडी को मजबूत जनाधार वाला संघर्षशील नेता बताया। मनोहर लाल नें कहा कि जय भगवान शर्मा के काम और मेहनत नें कुरुक्षेत्र जिले में पार्टी को मजबूत किया है. इस अवसर पर जय भगवान शर्मा डीडी ने कार्यकतार्ओं की तरफ से मनोहर लाल को सरस्वती माता का चित्र और शॉल भेंट कर सम्मानित किया। भाजपा नेता जय भगवान शर्मा डीडी ने कहा कि मनोहर लाल के प्रयासों से हरियाणा प्रदेश तरक्की और विकास की तरफ बढ़ा। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश में बिना खर्ची पर्ची रोजगार की पहल करने वाले पूर्व सीएम एवं केंद्रीय मंत्री ने महिलाओं, किसानों, व्यापारियों, कर्मचारियों के हित व कल्याण के लिए काम किया है। डीडी ने मनोहर लाल का आशीर्वाद लिया और अपने कार्यालय में पहुंचने पर आभार जताया।

## बाबा बंदा सिंह बहादुर ट्रस्ट लोहगढ़ मैदान के विकास के लिए केंद्रीय मंत्री को सौंपा पांच लाख का चेक



**पिहोवा।** ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाते हुए बाबा बंदा सिंह बहादुर मेमोरियल फाउंडेशन ट्रस्ट के लिए गीता जयंती अंतरराष्ट्रीय महोत्सव ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अवनीत सिंह वड़ैच ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल को 5 लाख रुपये का चेक भेंट किया। यह सहयोग लोहगढ़ मैदान के सौंदर्यकरण, विकास और ऐतिहासिक महत्व को उजागर करने के लिए प्रदान किया गया है। अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव समिति के सदस्य डॉ. अवनीत सिंह वड़ैच ने चेक सौंपते हुए कहा कि बाबा बंदा सिंह बहादुर भारतीय इतिहास के ऐसे अमर योद्धा हैं, जिनका बलिदान और जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। लोहगढ़ मैदान से उनका गहरा संबंध रहा है, और इस ऐतिहासिक स्थल को भव्य स्वरूप देना हमारा संकल्प है। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने इस सामाजिक पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण में जनसहयोग अत्यंत आवश्यक है। बाबा बंदा सिंह बहादुर जैसे महापुरुषों की स्मृति को संरक्षित कर हम अपने गौरवशाली अतीत को भावी पीढ़ी तक पहुंचा सकते हैं। एक सिख युवा का यह प्रयास सराहनीय और प्रेरणादायी है। यह पहल लोहगढ़ के ऐतिहासिक गौरव को राष्ट्रीय पहचान दिलाने की दिशा में एक सशक्त कदम मानी जा रही है। सामाजिक और सांस्कृतिक विकास से जुड़े ऐसे प्रयास न केवल इतिहास को जीवंत करते हैं, बल्कि देशवासियों में स्वाभिमान और संस्कृति के प्रति सम्मान का भाव भी जागृत करते हैं।

## डेढ़ महीने पहले पश्चिमी यमुना नहर में डूबे युवक का शव मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

- परिजनों ने जताई हत्या की आशंका
- पुलिस मामले की जांच में जुटी

करीब डेढ़ महीना पहले दोस्त के साथ घर से निकले युवक का शव रविवार को पश्चिम यमुना नहर से बरामद हो गया। परिजनों ने उसकी हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल स्थित शव गृह में रखवा दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मामले में आगामी कार्रवाई की जाएगी।

गांव झीवरहेड़ी निवासी तेजा राम ने पुलिस को बताया कि उसका बेटा 19 वर्षीय कमल गत 25 मई को पड़ोसी युवक के साथ घर से घूमने के लिए निकला था। इसके बाद वह घर नहीं लौटा। पड़ोसी युवक ने घर आकर बताया था कि वह गांव अमादलपुर के नजदीक पश्चिम यमुना में नहाने लगे तो वहां पर नहाते समय कमल डूब गया। सूचना मिलते ही उन्होंने पुलिस और गोताखोरों की मदद से कमल की तलाश की। मगर उसके बारे में कुछ पता नहीं चला। रविवार को रेलवे किसी ने सूचना दी कि रेलवे पुल के पास पश्चिमी यमुना नगर में एक शव पानी में तैर रहा है। पानी में डूबने की वजह से शव फुला हुआ था। पुलिस टीम ने शव की शिनाख्त कराई तो वह कमल के रूप में हो गई।

### सूरजमुखी फसल की खरीद में गड़बड़ को लेकर नौ नई फर्मों का रिकॉर्ड तलब

**अंबाला।** अंबाला शहर की अनाज मंडी में सूरजमुखी की खरीद के नाम पर हुई गड़बड़ी के मामले की जांच में अब नए खुलासे हो रहे हैं। पुलिस ने अब 9 नई फर्मों के रिकॉर्ड को खंगाल रही है। पुलिस ने इन फर्मों से रिकॉर्ड को तलब किया है। इनमें रंग राम ट्रेडिंग कंपनी सौंडा, जगीर सिंह, राजकुमार, मोहन सिंह, माता मनसा देवी, राजा राम और किसान ट्रेडिंग कंपनी से सूरजमुखी की खरीद का रिकॉर्ड मांगा है।

रिकार्ड की जांच के बाद आगे की कार्रवाई होगी। इससे पहले पुलिस द्वारा नामजद आठों फर्मों से रिकॉर्ड तलब किया है। जिसमें लालचंद, रघुनाथ दास, जीएसएस ट्रेडिंग, एनएन ट्रेडिंग, रजत ट्रेडर्स, अंकुश ट्रेडिंग एंड कंपनी, अशोक कुमार फर्म से रिकॉर्ड लेकर सबूत जुटाए जा रहे है। यह पूरा खेल प्रशासन के मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल में मिलीभगत करके किया गया था।

## बाइक सवार युवक को बस चालक ने लिया चपेट में, लोगों ने पत्नी के सामने जमकर पीटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

- जख्मी युवक बोला, आधा किलोमीटर दूर तक घसीट कर ले गया बस चालक

अंबाला शहर के मानव चौक पर देर रात एक प्राइवेट बस ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इसकी वजह से बाइक सवार युवक घायल हो गया। यहां मौजूद लोगों ने तुरंत घायल को सिविल अस्पताल पहुंचाया। हादसे के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई।

गुस्साए लोगों ने बस चालक की पिटाई कर दी। इस दौरान चालक की पत्नी भी वहां मौजूद थी। पत्नी के सामने ही लोग उसके ड्राइवर पति की पिटाई कर रहे थे। इस दौरान पत्नी ने लोगों से पति को छोड़ने की गुहार करती रही पर किसी ने एक न सुनी। अब पुलिस मामले की जांच कर रही है। मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि बस को ड्राइवर की जगह कंडक्टर चला रहा था जिस वजह से हादसा हुआ। फिलहाल घायल युवक की हालत ठीक है। उसका इलाज सिविल अस्पताल में चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार इस घटना में बस ने बाइक सवार युवक को आधा किलोमीटर तक घसीट कर ले गया। घायल युवक ने होश में आने के बाद जानकारी दी कि वे साइड में काफी धीरे चल रहा था।

इसी दौरान पीछे से आई बस ने उसे अपनी चपेट में ले लिया और आधा किलोमीटर तक उसे घसीट कर ले गया। इसके बाद वह बेहोश हो गया। मामले की जांच कर रहे सब इंस्पेक्टर धर्मपाल ने बताया कि बस को कब्जे में ले लिया है। अभी तक कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। शिकायत के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## घर में छापामारी कर पुलिस ने अवैध देसी शराब की 34 पेटी बरामद की

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

- छापामारी के दौरान आरोपी मौके से भागने में हुआ कामयाब
- जिला पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा टू ने की कार्रवाई

जिला पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा टू ने यमुनानगर की अशोक विहार कॉलोनी स्थित एक घर में छापामारी कर अवैध देसी शराब की 34 पेटी (408 बोतल) बरामद की हैं। पुलिस की छापामारी से पहले आरोपी मौके से फरार होने में कामयाब हो गया। बताया गया है कि आरोपी लंबे समय से इलाके में अवैध शराब बेचने का कार्य कर रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

मामले की जांच कर रहे पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा टू के प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि उनकी टीम अशोक विहार कॉलोनी के पास गश्त कर रही थी। इस दौरान टीम को एक युवक दो पेटी शराब की ले जाता दिखाई दिया। पुलिस को देख कर आरोपी युवक मौके से भाग निकला। टीम ने उसका पीछा किया। लेकिन वह हाथ नहीं आया। जांच के दौरान पुलिस को युवक की पहचान कॉलोनी के अरुण कुमार के रूप में हुई। बाद में टीम ने उसके घर पर छापेमारी की। जहां से अवैध शराब की 34 पेटी बरामद हुई। उन्होंने बताया कि इस कार्रवाई में एएसआई रमेश, संजीव, अजय, सचिन व जसपाल की टीम शामिल रही। टीम इंचार्ज ने बताया कि आरोपी अरुण लंबे समय से इस क्षेत्र में अवैध शराब का धंधा कर रहा था। उसे पकड़ने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस ने बरामद शराब को कब्जे में लेकर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी।



**यमुनानगर।** सीआईए टू पुलिस टीम द्वारा पकड़ी गई अवैध शराब की जांच करते पुलिस कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### पीएम नेशनल अप्रेंटिस मेले का आयोजन 14 को

**कुरुक्षेत्र।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य जगमोहन ने कहा कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सेक्टर-30 में 14 जुलाई को पीएम नेशनल अप्रेंटिस मेले का आयोजन किया जा रहा है। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य जगमोहन ने कहा कि इस रोजगार मेले में एलीना ऑटो इंडस्ट्रीज मोहाली, जे. बी. एम. प्राइवेट लि. गुरुग्राम, सात्विक ग्रीन एनर्जी शाहाबाद, गोदरेज एनट्रप्राइसिस लि. मोहाली, पुखराज हेल्थ केयर प्राइवेट लि.कुरुक्षेत्र, रामाया हेल्थकेयर प्राइवेट लि. कुरुक्षेत्र, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कुरुक्षेत्र, ट्रांस एंकर दुबई, श्रीकृष्ण नाथ इम्पैक्स कुरुक्षेत्र, वांटे इंटरनेशनल, एग्री गुरुग्राम, क्लासिक इंटर कुरुक्षेत्र, गणपति ऑटो ट्रेडर कुरुक्षेत्र, करनाल मोटर्स कुरुक्षेत्र, केयर वॉल ग्लास एंड एम्पुलेश प्राइवेट लिमिटेड, नैक्टर लाइफ साइंस लिमिटेड मोहाली, इनकॉस वूड टैक्रिल कुरुक्षेत्र एवं इनके साथ लगभग 50 कम्पनियां भाग लेंगी।



**जींद।** मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए मिड डे मिल वर्कर्स। फोटो : हरिभूमि

## मिड डे मिल वर्कर्स की मांगें पूरी करे सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

नेहरू पार्क में मिड डे मिल वर्कर्स यूनियन की बैठक राज्य प्रधान इंद्र सिंह मलिक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन अनीता, रीना, सुनीता, मीना, रेखा, मंजू व ऊषा द्वारा किया गया और मिड डे मिल वर्करज ने बढ़चढ़ कर भाग लिया।

राज्य प्रधान इंद्र सिंह ने कहा कि यूनियन ने सरकार को मिड-डे मिल वर्करों की नौ मांगें दी थी। जिसमें से सरकार ने हमारी तीन मांगों को पूरी कर दिया है और छह मांगों पर सरकार के साथ बातचीत चल रही है। उनको भी जल्द से जल्द पूरा कराया जाएगा। उप राज्य प्रधान दलशेर ने कहा कि मिड डे मिल वर्करों की मांगों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। अनीता, रीना ने कहा कि सभी मिड डे मिल वर्कर्ज एकता बना कर रखें। इस मौके पर रेखा, बबली, पिंकी, कौशल्या, मुकेश, मंजू, सुनीता, रजनी आदि ने विचार व्यक्त किए।

### *22 साल के युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या की*

**अंबाला।** न्यू प्रीत नगर निवासी 22 वर्षीय शुभम ने संदिग्ध परिस्थितियों में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। शुभम ने अपने घर के ही एक कमरे में पंखे पर चुन्नी से फंदा लगा लिया था व परिजन दूसरे कमरे में सो रहे थे। रविवार सुबह उठने के बाद परिजनों ने शुभम का दरवाजा खटखटाया तो कोई आवाज नहीं आई। रोशनदार से झांककर देखा तो शुभम चुन्नी से लटका हुआ था। महेश नगर थाना पुलिस ने सूचना मिलने के बाद शव को नीचे उतारा। मौके से कोई सुसाइड नोट न मिलने पर पुलिस ने कैंट के नागरिक अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। परिजनों को भी यह मालूम नहीं हो पाया कि शुभम ने क्यों आत्महत्या की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**रेलवे का सख्त कदम** यात्रियों की बढ़ती शिकायतों के बाद रेलवे की ओर से लिया गया निर्णय

## सामान की एवज में यात्रियों से ओवर चार्जिंग करने वालों पर होगी ठोस कार्रवाई, अधिकारी खुद करेंगे स्टिंग ऑप्रेशन

- यात्री से ओवर चार्जिंग करने वालों पर वसूला जाएगा मोटा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला छावनी के रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में बढ़ती ओवर चार्जिंग की शिकायतों को देखते हुए रेलवे ने सख्त कदम उठाने का निर्णय लिया है। अधिकारी अब खुद नकली यात्री बनकर स्टिंग ऑपरेशन करेंगे। पकड़े जाने पर ओवर चार्जिंग करने वालों के खिलाफ ठोस कार्रवाई की जाएगी। दरअसल अंबाला मंडल के अधिकारियों के पास काफी समय से रेलवे स्टेशन व ट्रेनों में सामान बेचने की एवज में ओवर चार्जिंग की शिकायतें आ रहीं हैं।

इसको लेकर रेलवे से यात्री कई तरह से शिकायतें करते हैं। इसके बाद जांच के लिए शिकायत मार्क कर दी जाती है। उस शिकायत के सबूत आने पर वेंडर/संचालक के खिलाफ कार्रवाई के लिए लिख दिया जाता है।

इसके बाद ही संचालक और वेंडरों पर जुर्माना लगाया जाता है। अंबाला मंडल के सीनियर डीसीएम नवीन कुमार ने बताया कि अब यात्री से ओवर चार्जिंग करने वालों पर मोटा जुर्माना लगाया जाएगा ताकि भविष्य में वे ऐसा काम न कर सकें।

### रेलवे हेल्पलाइन 139 पर दें शिकायत





नवीन कुमार ने बताया कि यात्री ओवर चार्जिंग होने पर ट्रेन में मौजूद कॉमर्शियल स्टाफ को सीधी सूचना दे सकते हैं। या फिर रेलवे हेल्पलाइन 139 पर शिकायत दी जा सकती है। इसके अलावा रेल मदद पोर्टल पर ऑनलाइन सूचना दी जा सकती है। उन्होंने बताया कि शिकायत के तुरंत बाद उस पर गहन जांच होगी। सबूत मिलने पर ओवर चार्जिंग करने वाले के खिलाफ ठोस कार्रवाई की जाएगी। सीनियर डीसीएम ने कहा कि अब रेलवे अधिकारी खुद नकली यात्री बनकर स्टेशनों की स्टॉल पर जांच करेंगे। ओवर चार्जिंग के प्रमाण मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि यात्रियों की शिकायतों को गंभीरता से लिया जा रहा है। इस समस्या से निपटने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।

### अचानक हुई बरसात से मौसम का मिजाज बदला

**अंबाला।** रविवार शाम पांच बजे जिले में कई जगह बरसात हुइ। हालांकि सुबह गर्मी की वजह से हालत बेहद खराब थी। मगर बरसात के बाद मौसम के मिजाज में अचानक परिवर्तन आ गया। बरसात की वजह से लोगों को गर्मी से राहत मिली। सुबह से शाम 4 बजे तक धूप निकली रही लेकिन करीब पौने पांच बजे घने बादल छा गए और बारिश हुई। अंबाला शहर के कई क्षेत्रों में बारिश हुई तो अंबाला छावनी का क्षेत्र सूखा रहा। रविवार को न्यूनतम तापमान 27.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार अभी जिले के कई हिस्सों में बरसात होने की संभावना है।

**खबर संक्षेप**



## कुख्यात आरोपी रोहित उर्फ चेपू को गिरफ्तार

**करनाल।** सीआईए-3 करनाल की टीम ने कुख्यात चोर को गिरफ्तार कर कई चोरी की वारदातों का खुलासा किया है। इंचार्ज निरीक्षक अजय कुमार और एएसआई प्रदीप कुमार के नेतृत्व में टीम ने गोशाला रोड पर नाकाबंदी कर रोहित उर्फ चेपू पुत्र राजपाल को पकड़ा। आरोपी ने पूछताछ में शहर क्षेत्र की करीब 18 से अधिक चोरी की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया है। पुलिस ने उसके पास से 1.30 लाख रुपये की नगदी बरामद की है। आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

## केंद्रीय मंत्री ने ग्रामीणों से सुनीं जनसमस्याएं

**नीलोखेड़ी।** केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने नीलोखेड़ी स्थित एसडीएम एन. विद्या मंदिर में ग्रामीण प्रतिनिधियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के संकल्प पर कार्य कर रही है।गांव संधीर और बड़ा गांव के 35-35 लोगों के शिष्टमंडल ने गांवों की समस्याएं मंत्री के समक्ष रखीं। इस मौके पर विधायक भगवानदास कबीरपंथी, जगमोहन आनंद, योगेंद्र राणा, रामकुमार कश्यप और मेयर रेणु बाला गुप्ता उपस्थित रहे।



कथा व्यास आचार्य श्री कृष्ण जी महाराज

## श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन कल

**तरावड़ी ।** सावन मास के उपलक्ष में नगर वासियों के सहयोग से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह भागवत कथा 15 जुलाई से 22 जुलाई रोजाना 3 बजे से 6 बजे तक कथा स्थल अग्रवाल धर्मशाला मेंन बाजार में आयोजन किया जाएगा। श्री धाम वृंदावन वाले कथा व्यास आचार्य श्री कृष्ण जी महाराज अपनी मधुरवाणी से श्री भागवत कथा के प्रवचन करेगें। इससे पहले 15 जुलाई को प्रातः 10 बजे अग्रवाल धर्मशाला से शोभा यात्रा निकाली जाएगी। यह शोभा यात्रा नगर परिक्रमा करके वापसी अग्रवाल धर्मशाला में संपन्न होगी।

## भाविप ने कन्या शगुन राशि भेंट की

**तरावड़ी।** भारत विकास परिषद की शाखा तरावड़ी के सदस्यों ने आज शहर के वार्ड 5 स्थित फुट्टी तरावड़ी में गुल्लू राम की पुत्री तन्नू के विवाह समारोह में पहुंचकर कन्या शगुन योजना के तहत सहायता राशि भेंट की। इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष योगेश मिड्डा के अलावा अन्य मनोज चौधरी, पीके भारद्वाज व अन्य कई सदस्य भी मौजूद थे। योगेश मिड्डा ने बताया कि परिषद द्वारा इसके अलावा अन्य कई तरह के प्रकल्प चलाए जा रहे है। हमारे पास जिस भी जरूरतमंद परिवार की बेटी का कार्ड आता है तो हम परिषद की कन्या शगुन योजना के तहत उनकी मदद जरूर करते है।

## स्वर्गीय कृष्ण लाल रहेजा की रस्म पगड़ी कल

**तरावड़ी।** अमित रहेजा ओर सुनील रहेजा के पिता स्वर्गीय कृष्ण लाल रहेजा का 4 जुलाई 2025 दिन शुक्रवार को निधन हो गया था। उनकी आत्मिक शांति के लिये रस्म पगड़ी 15 जुलाई मंगलवार को सेलिब्रेशन पैलेस, लल्यानी रोड़, तरावड़ी में दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक होगी। उनके निधन पर हल्के के विधायक भगवानदास कबीरपंथी, जयभगवान सीकरी, उद्योगपति यश सलूजा, पूर्व सरपंच दिलराज, शिव शक्ति इंटर ग्लोब प्रा.लि. के सीएमडी रमेश गुप्ता आदि ने शोक जताया।

# करनाल को स्वच्छ भारत मिशन में मिला गौरवपूर्ण स्थान, राष्ट्रपति देंगी पुरस्कार

■ केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने दी बधाई, कहा- यह सफलता जनता और सफाई मित्रों के सामूहिक प्रयास का नतीजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल शहर को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर गौरव प्राप्त हुआ है। केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने करनाल



को स्वच्छता में राष्ट्रपति पुरस्कार मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह सफलता जनता, जनप्रतिनिधियों और सफाई मित्रों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत करनाल में बीते वर्षों में चलाए गए अभियानों ने शहर को देशभर में एक अलग पहचान दिलाई है। मीडिया से रूबरू होते हुए उन्होंने बताया कि यह पुरस्कार 3 से 10 लाख आबादी वाले शहरों की श्रेणी में करनाल को मिल रहा है। उन्होंने सफाई मित्रों की मेहनत, नगर निगम की कार्यशैली और शहरवासियों के सहयोग की सराहना की।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर करनाल विधायक जगमोहन आनंद, सांसद प्रतिनिधि कवींद्र राणा, मेयर रेणु बाला गुप्ता, पूर्व विधायक रमेश कश्यप और भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### राष्ट्रपति पुरस्कार मिला कर्णनगरी की ऐतिहासिक उपलब्धि



**करनाल।** नगर निगम करनाल द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में राष्ट्रपति पुरस्कार मिलने की जानकारी साझा करते हुए महापौर रेनू बाला गुप्ता, विधायक जगमोहन आनंद और निगमायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने इसे करनाल के लिए गर्व का क्षण बताया। महापौर ने कहा कि 17 जुलाई को विज्ञान भवन, दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करनाल को यह पुरस्कार प्रदान करेंगी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए स्वच्छ भारत अभियान की प्रेरणा से ही हरियाणा में यह जन आंदोलन बन सका। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि करनाल की जनता ने जिस समर्पण से सफाई को अपनाया है, वही असली पूंजी है। आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण, गीले-सूखे कचरे का पृथक्करण और नागरिक जागरूकता ने शहर को इस मुकाम तक पहुँचाया। इस मौके पर अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार, भाजपा नेता व पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता, नगर निगम पार्षद सुदेशी रानी, बेबी पाल, भूपेन्द्र नौतना, सुभाष चंद, अंकित तितौरिया, जोगिंद्र शर्मा, संकल्प भंडारी, संजीव कुमार मेहता, मोनिक गर्ग, ईश गुलाटी, प्रियंका देवी, ममता देवी, हरजीत सिंह लाड्डी संधू, राम सुधीर यादव, मोननीत, विशेष वर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# सम्पत्ति कर के छब्बीस डिफाल्टर स्कूल संचालकों की नगर निगम में सूची तैयार

## डिफाल्टरों पर करीब 2 करोड़ रुपये प्रॉपर्टी टैक्स बकाया, न चुकाने पर होगी कार्रवाई

■ अगर निजी शिक्षण व वाणिज्यिक संस्थान सम्पत्ति कर जमा नहीं करवाते, तो अटैचमेंट की कार्रवाई अवश्य की जाएगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

सम्पत्ति कर की वसूली करने के लिए नगर निगम करनाल ने डिफाल्टरों पर लगातार कार्रवाई का निगम का एक्शन मोड जारी है। इसी कड़ी में अब प्रॉपर्टी टैक्स न भरने के चलते नगर निगम के डिफाल्टर हुए स्कूल संचालकों पर कार्रवाई की




तैयारी कर ली है। इसके लिए 26 स्कूलों को चिन्हित किया गया है, जिन पर करीब 2 करोड़ रुपये सम्पत्ति कर बकाया है। यह जानकारी नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने दी।

उन्होंने बताया कि निगम क्षेत्र में शिक्षण संस्थानों पर करोड़ो रुपये का सम्पत्ति कर बकाया है, जिसके चलते सभी को नोटिस जारी किए गए थे। नोटिस प्राप्त होने के बाद कुछ विद्यालय संचालकों की ओर से सम्पत्ति कर भरा गया, परंतु बहुत से विद्यालयों की ओर से प्रॉपर्टी टैक्स जमा नहीं करवाया गया। उन्होंने बताया कि इसे लेकर सम्पत्ति कर शाखा के प्रवर्तन दल की ओर से 26 स्कूलों की सूची बनाकर उनके अटैचमेंट नोटिस तैयार कर लिए गए हैं, जो जल्द ही वितरित कर दिए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि नीचे लिखे गए शिक्षण संस्थानों के अतिरिक्त जो अन्य शिक्षण व वाणिज्यिक संस्थान अटैचमेंट की कार्रवाई से बचना चाहते हैं, तो वह शीघ्र अति शीघ्र नगर निगम कार्यालय या ऑनलाइन property.ulbharyana.gov.in पोर्टल के माध्यम से सम्पत्ति कर अदा कर सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगर निजी शिक्षण व वाणिज्यिक संस्थान सम्पत्ति कर जमा नहीं करवाते, तो अटैचमेंट की कार्रवाई अवश्य की जाएगी।

### इन स्कूलों को जारी होंगे अटैचमेंट नोटिस

| क्रम संख्या | स्कूल का नाम | बकाया कर |
|---|---|---|
| 1. | बलदेव जेएसडी मिशन सी. सै. स्कूल, सेक्टर-13 | 4292154 रुपये |
| 2. | ओपीएस इंटरनेशनल स्कूल, दनियालपुर रोड विलेज | 1933774 |
| 3. | सेंट थेरेसा कॉमेंट स्कूल, सेक्टर-9 | 1327500 रुपये |
| 4. | खालसा सी. सै. स्कूल, खालसा कॉलेज, रेलवे रोड | 952500 रुपये |
| 5. | संत निक्का सिंह पब्लिक स्कूल, जरीफा विरान | 952500 रुपये |
| 6. | आर.एस. पब्लिक सी. सै. स्कूल, मीरा घाटी | 752007 रुपये |
| 7. | सरस्वती पब्लिक स्कूल, सेक्टर-34 | 717267 रुपये |
| 8. | डी.ए.वी. सी. सै. स्कूल | 663750 रुपये |
| 9. | कर्ण पब्लिक स्कूल, रविदास पुरा, हांसी रोड | 593352 रुपये |
| 10. | डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, सेक्टर-9 | 572976 रुपये |
| 11. | डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, सेक्टर-13 | 571500 रुपये |
| 12. | वी.यू.एम.एम. जैन पब्लिक स्कूल, फूसगढ़ रोड | 571500 रुपये |
| 13. | डी.ए.वी. कॉलेज | 571500 रुपये |
| 14. | निर्मल धाम मॉडल टाऊन स्कूल, मॉडल टाऊन | 549783 रुपये |
| 15. | खालसा मॉड्रन स्कूल, प्रेम नगर | 416071 रुपये |
| 16. | न्यू बाल भारती पब्लिक स्कूल, राजीव पुरम कॉलोनी | 412019 |
| 17. | प्रताप पब्लिक स्कूल, सेक्टर-6 | 408750 रुपये |
| 18. | जी.ई.एम.एस. इंटरनेशनल स्कूल, अल्फा सिटी | 408750 रुपये |
| 19. | इंडस पब्लिक स्कूल, सेक्टर-8 | 398250 रुपये |
| 20. | संत निक्का पब्लिक स्कूल, सदर बाजार | 398250 रुपये |
| 21. | दयाल सिंह पब्लिक स्कूल, सेक्टर-7 | 375000 रुपये |
| 22. | एस.बी.एस. सी. सै. स्कूल, सैशन मार्गा हाऊस | 338296 रुपये |
| 23. | एम.डी. पब्लिक स्कूल, दहा गांव | 362919 रुपये |
| 24. | आदर्श स्कूल, कुंजपुरा रोड करीब | 300000 रुपये |
| 25. | गुरू नानक गर्ल्स सी. सै. स्कूल, आदर्श नगर | 245250 रुपये |
| 26. | हिमालय पब्लिक स्कूल, सेक्टर-12 | 245250 रुपये |

### प्रकाश पब्लिक स्कूल ने बकाया 11 लाख रुपये जमा करवाए : नगर निगम आयुक्त

नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि फूसगढ़ स्थित प्रकाश पब्लिक स्कूल द्वारा बकाया 11 लाख रुपये सम्पत्ति कर जमा करवा दिया गया है। इसके अतिरिक्त मीरा घाटी स्थित आर.एस. पब्लिक स्कूल 5 लाख रुपये पार्ट पेमेंट तथा कुंजपुरा रोड स्थित आदर्श स्कूल की ओर से भी करीब 3 लाख 71 हजार रुपये की पार्ट पेमेंट कर दी गई है।



## सेक्टर आठ में सावन के पवित्र मास में लगेगा सावन मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

श्री राम मंदिर सेक्टर आठ में सावन के पवित्र मास में सावन मेला लगाया जा रहा है। रविवार को मुख्य यजमान के रूप में अनिल ग्रोवर, पूनम, आशा रानी, लीना गेरा और मुनीश ने शिरकत की। भोलेनाथ के चरणों में मनीष गेरा का जन्मदिन मनाया गया। इस मौके पर मुरारी बत्रा ने कहा कि शिव को पूजा तो अवश्य करनी चाहिए और शिव का चरित्र जीना चाहिए। श्रद्धालुओं ने गंगाजल से भोलेनाथ को स्नान करवाया।

■ रविवार को मुख्य यजमान के रूप में अनिल ग्रोवर, पूनम, आशा रानी, लीना गेरा और मुनीश ने शिरकत की।

### सुंदरकांड का पाठ

बेल पत्र, आक पत्ते, तुलसी, मंजरी, यजोपवित, गुलाल व फल अर्पित किए गए। इस अवसर पर अनु खट्टर ने यह मंदिर है भोले बाबा का अलबेलो का दीवानों का यहां बजती है मुरली मोहन की यहां राधा रानी आई है भजन गाया। वीना सेठ ने भोले भंडारी ने मुझे अपना बनाया है एक बार जप ले यह नाम बड़ा प्यारा है भजन गाया। सुशील मदान मैंने सब छोड़ा जग संसार एक बारी आजा प्यारे एक बारी आजा प्यारे आकर दर्श दिखा जा प्यारे भजन गाया। सायंकाल में श्री सुंदरकांड का पाठ किया गया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर रविंद्र तनेजा, रेनू तनेजा, अशोक मदान, वेद दुआ, रविंद्र बत्रा, मुरारी बत्रा, राघव, ममता सचदेवा, हंस सचदेवा, सुनीता ग्रोवर, केशव ग्रोवर, करण, लविश, कृष्णा, सुनैना, अंजु बाला, ऋतुराज, चंद्र अरोड़ा, नीरज कपूर व कृष्ण लाल मुखीजा आदि मौजूद रहे।

# फ्लाईओवर की रिटेनिंग वॉल से टकरा बाइक, युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

तरावड़ी जीटी रोड पर बाइक फ्लाईओवर की रिटेनिंग वॉल से टकरा गई। इस हादसे में 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि उसका मामा गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों बाइक पर दिल्ली से चंडीगढ़ जा रहे थे।

जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान गुलशन (19) निवासी मुहावर, यूपी के रूप में हुई है। वह अविवाहित था और दिल्ली सेक्टर-3 स्थित निजी कंपनी में काम करता था। शनिवार को गुलशन अपने 25 वर्षीय मामा श्यामबीर निवासी गांव चिरावर, मैनपुरी (यूपी) के साथ बाइक पर दिल्ली से चंडीगढ़ जा रहा था। गुलशन का दूसरा मामा चंडीगढ़ में रहता है। वह उसी से मिलने जा रहा था। शनिवार देर शाम जैसे ही दोनों तरावड़ी कस्बे के नजदीक नेशनल हाईवे पर पहुंचे, अचानक फ्लाईओवर की रिटेनिंग वाल से उनकी बाइक टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक का संतुलन पूरी तरह बिगड़ गया और पीछे बैठे गुलशन का सिर



■ बाइक चला रहा मामा श्यामबीर सड़क पर घसीटता चला गया और बुरी तरह जख्मी हो गया

दीवार से जा टकराया। वह बाइक से नीचे गिरते ही गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं बाइक चला रहा मामा श्यामबीर सडक़ पर घसीटता चला गया और बुरी तरह जख्मी हो गया। हादसा होते देख आसपास के लोग घटनास्थल पर एकत्र हो गए। उन्होंने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और सबसे पहले घायल श्यामबीर को अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी में रखवाया गया। रात को ही परिजनों को हादसे की जानकारी दे दी गई, जिसके बाद वे करनाल पहुंचे।

## रिटायर्ड कर्मचारी पेंशन वित्त विधेयक के विरोध में कल करेंगे प्रदर्शन



**करनाल।** प्रदेश के सभी सरकारी विभागों, बोर्ड, निगम, कॉर्पोरेशन, मान्यता प्राप्त संस्थाओं के रिटायर्ड कर्मचारी पेंशन वित्त विधेयक 2025 के विरोध में 15 जुलाई को जिला स्तर पर प्रदर्शन करेंगे। ब्लाक निसिंग में रिटायर्ड कर्मचारी संघ के जिला प्रधान बलराज सिंह, सुरेंद्र सिंह,ओम प्रकाश, धीरज रावत, रामकिशन, रणबीर सिंह व खंड प्रधान ईशम सिंह राणा ने मीटिंग को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार द्वारा पारित किए गए पेंशन विधेयक को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। इसके तहत 31 दिसंबर 2025 तक रिटायर होने वाले कर्मचारियों को आठवें वेतन आयोग के मिलने वाले लाभो से वंचित कर दिया जाएगा। केंद्र व प्रदेश के लाखो पेंशनर्ज मिलकर इस विधेयक को वापिस लेने तक मिलकर संघर्ष करेंगे। शिव मंदिर निसिंग में आयोजित मीटिंग की अध्यक्षता खंड प्रधान ईशम सिंह राणा ने की। संचालन कोषाध्यक्ष रणबीर सिंह व जिला प्रधान बलराज सिंह ने किया। बैठक में विशेष रूप से ओम प्रकाश सिंहमार, सुरेन्द्र सिंह रावत, धीरज सिंह रावत, रामकिशन, निधि शर्मा व मोहन लाल पहुंचे। 15 तारीख के प्रदर्शन को लेकर कुचपुरा, निसिंग, गुलर पुर, गोंदर, रणजीत नगर, गोविंदगढ़, फतेहगढ़, डाचर, गुनियाना, बस्तली, थरौटा, गोहिदा, चकदा, अमूपुर, ब्रास, ब्रास खुर्द व सिंघड़ा गांवों में टीमों का गठन किया गया है। इस अवसर पर ओम प्रकाश सिंहमार, रामकिशन बस्तली, प्रेम सिंह, रक्षक पाल वर्मा, ईशम सिंह शर्मा, महेन्द्र सिंह, जयभगवान, सूरज प्रकाश, ओम प्रकाश ब्रास देवी दयाल, फूल सिंह,पालाराम, जय भगवान, रणवीर सिंह,आदि मौजूद रहे।

# पौधे लगाएं, पर्यावरण संरक्षण में अपना फर्ज निभाएं : मोहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

लायंस क्लब करनाल सेंट्रल की ओर से 'वृक्षारोपण अभियान-पर्यावरण की ओर एक सराहनीय कदम' का आयोजन ओपीएस विद्या मंदिर सेक्टर 13 में किया गया। क्लब के अध्यक्ष मोहन लोधी की अगुवाई में सभी सदस्यों ने स्कूल के प्रांगण में पौधे रोपित किए। फलदार, छायादार व सभी औषधीय पौधे लगाए गए। सदस्यों ने जो पौधे लगाए उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया। समय-समय पर सदस्य इन पौधों को देखने के लिए स्कूल में आएंगे। इस मौके पर प्रधान मोहन लोधी ने कहा कि दुनिया में ग्लोबल वार्मिंग का खतरा मंडरा रहा है।

पेड़ों का अत्याधिक कटाव होने के कारण प्राकृतिक आपदाएं आ रही हैं। प्रकृति से छेड़छाड़ के कारण ही बरसात कम हो रही है। उन्होंने कहा कि हम सभी बचपन से पढ़ते आएं हैं कि पेड़ों से ही हमें जीवन के लिए aजरूरी आक्सीजन और औषधियां मिलती हैं, इसके बावजूद हम जागरूक नहीं हैं। हम सबको



अपना फर्ज निभाना चाहिए और हर खुशी के मौके पर एक-एक पौधा लगाना चाहिए। लायंस क्लब करनाल सेंट्रल इस महीने अलग-अलग क्षेत्रों में पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सचिव विशाल भुटानी, कोषाध्यक्ष सुभाष बंसल, प्रोजेक्ट चेयरमैन अमित चौधरी, सह चेयरमैन राहुल भटनागर, पार्षद मोनिक गर्ग, मनोनीत पार्षद गौरव नागपाल, नवीन बत्तरा, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश महामंत्री सिकंदर सलमानी, कर्ण, बिन्नु अरोड़ा, राजीव भुटानी, अजय सैनी, अजय गोयल, राजेश सैनी, मनजीत सिंह, पंकिल गोयल, जसप्रीत व शशांक मौजूद रहे।

**सेमिनार** मुख्य अतिथियों का स्वागत फूलमालाओं से किया

# सच्चाई एवं ईमानदारी के रास्ते पर चलकर ही बनेगा भ्रष्टाचार मुक्त भारत : अरोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा टॉप लीडर्स एवं न्यू फैमिली मेंबर सम्मान समारोह का भव्य आयोजन नेशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नेशनल चीफ डायरेक्टर अशोक बजाज, नेशनल डायरेक्टर प्रदीप गुप्ता, नेशनल चीफ संजय चावला, इंटरनेशनल चीफ डायरेक्टर संदीप कुमार, नेशनल चीफ डायरेक्टर डॉ राजीव पंवार एवं ताइक्वांडो कोच मनीष मलिक ने शिरकत की।




मुख्य अतिथियों का स्वागत फूलमालाओं से किया गया। इस अवसर पर फाउंडेशन के टॉप लीडर्स को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए एवं न्यू फैमिली मेंबर्स को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त भारत के लिए सभी को सच्चाई एवं ईमानदारी के रास्ते पर चलना होगा, उन्होंने कहा कि लड़ाई लंबी है लेकिन असंभव नहीं। उन्होंने कहा कि जिस तरह से भारत देश की आजादी की लड़ाई में सभी भारतवासियों ने अपना योगदान दिया था उसी तरह से आज भ्रष्टाचार से आजादी की लड़ाई के लिए सभी के सहयोग की आवश्यकता है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मुख्यातिथियों द्वारा फूलमालाएं पहनाकर तथा उपहार देकर टॉप लीडर अवार्ड से पवन कुमार शर्मा, प्रियंका गोयल, राजीव गोयल, सुदर्शन कंसल, संजय कुमार पुरी, हीरालाल, धीरज कपूर, विपिन गुप्ता, ममता रानी, कृष्ण कुमार, सुमित गोयल, प्रवीण कुमार शर्मा, संतोष तेज़ान, सुरेंद्र पाल शर्मा, संदीप रमन, ध्रुव शर्मा, सविता, भावूक गर्ग, शुभम जांगड़ा, अमर सिंह, बिट्टू राम आदि को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से रजनी बजाज, आदि उपस्थित रहे।

## पिंगली चौक पर युवक का शव मिला, हाथ पर अंजू-जान लिखा टैटू

**करनाल।** पुलिस ने पिंगली चौक के समीप एक अज्ञात युवक का शव बरामद किया है, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक के दाहिने हाथ पर दिल बना हुआ था, जिसमें अंजू और नीचे जान लिखा हुआ था। दिल के बीच में तीर का निशान भी अंकित था, जिससे यह मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ प्रतीत हो रहा है। रामनगर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भेज दिया है।

### नीले रंग का लावर और घीया रंग की शर्ट

सामाजिक संस्था अपना आशियाना के संचालक राजकुमार ने बताया कि दो दिन पहले उक्त युवक को शराब के ठेके के पास घूमते हुए देखा गया था। उसने नीले रंग का लावर और घीया रंग की शर्ट पहन रखी थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और शव की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

## सामाजिक मुद्दों पर कविता पाठ कर कवियों ने अपनी-अपनी बात रखी




**करनाल।** सांझा साहित्य मंच की बैठक सेक्टर 12 स्थित कार्यालय में हुई। मीटिंग की अध्यक्षता दीपक वोहरा ने की व संचालन कृष्ण कुमार निर्माण ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में दलीप खरैरा ने शिरकत की व विशिष्ट अतिथि डा. कमर रईस रहे। विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर कविता पाठ कर कवियों ने अपनी-अपनी बात रखी। कृष्ण कुमार निर्माण ने कहा 'उसे था सिर्फ अपने से मतलब और मुझे था सिर्फ उससे मतलब, थे तो दोनों ही मतलबी, मगर मैं तडफ़ता रहा वह चैन फरमाता रहा'। रोजलीन ने फरमाया 'दीया जग रहा है अंबर पीला हो गया एक रंग एक उजाला उमड़ आया धरती पर, भासित आहलाद जाटिका टीसते हृदय पर'। दलीप खरेरा बोले 'महक रहे चमन-चमन वरस धरा पे रहा गगन, करते हैं हम अभिनंदन, करते हैं हम अभिनंदन'। नरेश लाभ ने कहा 'झूम-झूम कर बरसो मेघा, सावन में इस बार, प्रियतम मेरे घर आए हैं, करने मुझसे प्यार'। किशोर कमल बोले 'मसान में खाता, मसान में पीता, मसान में करना कारोबार, आगाज ओ अंत, सबकुछ मसान में, मसान को ही करता दरकिनार'। दीपक वोहरा बोले 'यही समय है सही समय है जब हम कुछ कर सकते हैं, मसलन अपने हक की बात कर सकते हैं'। डा. कमर रईस बोले 'जब भी अपनों को आजमाता हूं, जख्म कोई जरूर खाता हूं'। प्रवीन जोरिया ने फरमाया 'यहां कोई भूखा दौलत का, यहां कोई प्यासा शौहरत का'। लाभ सिंह आर्य ने रामधारी सिंह दिनकर की पंक्तियां पढ़ते हुए कहा 'जला अस्थियां बारी बारी, चिटकाई जिनमें चिंगारी, जो चढ़ गए पुण्य बेदी पर लिए बिना गर्दन का मोल, कलम आज उनकी जय बोल'। जगदीश मदान ने कहा 'जमाने में आए हो तो जीने का हुनर रखना, दुश्मनों से कोई खतरा नहीं, बस अपनों पर नजर रखना'। जय भारद्वाज बोले 'क्या नाम दें उसको अभी ये तय नहीं, मासूम दिखता है मगर वो है नहीं'।

## खबर संक्षेप

### आप नेताओं ने बैठक की

**पानीपत।** आम आदमी पार्टी के संगठन विस्तार हेतु रविवार को जिला कार्यालय में बैठक हुई। बैठक में आप के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेन्द्र अहलावत, अनिल रंगा जिला प्रभारी पानीपत, लोकसभा करनाल सचिव अजय सिंगला, प्रांतीय सचिव सुखबीर मालिक, जिलाध्यक्ष जसवीर जस्सा, जिला सचिव योगेश कौशिक डॉ. नरेंद्र जेसिया, जितेंद्र जुनेजा, प्रीतपाल खेड़ा, शहरी अध्यक्ष जय गोपाल, ग्रामीण अध्यक्ष सूरजभान राठी, संजीव गोयल, सचिन जांगड़ा, अंग्रेज मलिक, संदीप पाल, अमित नोहरा, राजन मुंडे, होशियार सिंह, सुरेश शर्मा ग्वालडा, अंकित शर्मा , अरुण कुमार आदि ने भाग लिया।

### श्री सोमनाथ धाम में सत्संग किया

**पानीपत।** पानीपत के गांव निंबरी स्थित श्री सोमनाथ धाम आश्रम में नियमित सत्संग के दौरान सत्संग किया गया। वहीं, कांता छाबड़ा, संतोष मनोचा एवं दीपा जुनेजा ने भजन सुनाए। जबकि कार्यक्रम में नीलम दत्ता, गिरीश अरोड़ा, राजेश सेठी, रमेश ढींगड़ा, आरएन रावल, डा.जगजीत आहूजा, यश पाल चौधरी, इंद्र चुघ, चुन्नीलाल चावला, अशोक मनोचा, रमेश आर्या, जगदीश खुराना, पीसी झा, भव्य चावला, गणेश ठाकुर, भोला, अनिल धीमान, विनोद खूंगरवाल, रामनिवास, पप्पू, रानी, गुलाब, वीना चुघ, ज्योति डुडेजा, सुनीता पांचाल व प्रवीण खुराना आदि उपस्थित रहे।

### बाबा भोलेनाथ की मूर्ति स्थापित की

**पानीपत।** महर्षि वाल्मीकि मंदिर में बाबा भोलेनाथ की मूर्ति स्थापित की गई और हवन किया गया। सावन महीने के तीसरे दिन मंदिर प्रांगण में पानीपत कब डीओसी हरिओम, गणमान्य व्यक्तियों और मंदिर कमेटी संग बेलपत्र लगवाया और मंदिर कमेटी अध्यक्ष को तुलसी भेंट की। पर्यावरण प्रेमी शिक्षक हरिओम ने कहा कि सावन के महीने में भगवान शिव का प्रिय पौधा बेल पत्र लगाने से बहुत पुण्य मिलता है। इस अवसर पर राजबीर यादव, सुमेर सिंह, सुरेश देशवाल, रविन्द्र, कुंवर भान, मुकेश बोस, बोधराज, संजीव व जयदीप आदि मौजूद रहे।

### 31 तक चलेगा स्टॉप डायरिया अभियान

**कुरुक्षेत्र।** जिला सिविल सर्जन डा.सुखबीर सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला में 5 वर्ष तक के बच्चों को डायरिया (दस्त) से बचाने के लिए स्टॉप डायरिया अभियान चला हुआ है। उन्होंने कहा कि यह अभियान 31 जुलाई 2025 तक चलेगा। इस कार्यक्रम में 5 वर्ष तक के बच्चों में डायरिया से बचाव के बारे मे बच्चो व उनके अभिभावकों को जानकारी दी जा रही है। इसके अलावा स्वास्थ्य कार्यकर्ता आशा वर्कर, एएनएम, सीएचओ, आंगनवाड़ी वर्कर व हेल्पर के द्वारा घर-घर जाकर 5 वर्ष तक के सभी बच्चो को दो-दो ओआरएस के पैकेट तथा 14-14 जिंक टेबलेट वितरित किए जा रहे हैं। तथा ओआरएस घोल बनाने तथा जिंक टैबलेट के प्रयोग के बारे मे जानकारी दी जा रही है।

समाज और राष्ट्र के उत्थान के लिए साहित्य के महत्व को उजागर किया

# सत्य, सद्भावना, सेवा, संयम, तपस्या त्याग का संदेश देते है वेद: प्रो. राजेंद्र

■ अखिल भारतीय साहित्य परिषद् हरियाणा प्रांत के अधिवेशन का सारगर्भित समापन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में अखिल भारतीय साहित्य परिषद्, हरियाणा प्रांत के दो दिवसीय 22वें त्रेवार्षिक प्रांतीय अधिवेशन का तत्वपूर्ण और सारगर्भित समापन हो गया। वहीं, अधिवेशन का विषय 'आत्मबोध से विश्वबोध' रहा। वहीं, प्रो. राजेंद्र अनायत राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय शिक्षण मंडल ने वेद ऋचाओं को जीवन में मार्गदर्शक बनाने का संदेश देते हुए कहा कि वेद विशेष रूप से उनकी ऋचाएं (श्लोक) जीवन में मार्गदर्शन प्रदान करने वाले महत्वपूर्ण स्रोत हैं। वेदों में जीवन के हर पहलू जैसे कि आध्यात्मिकता, नैतिकता, सामाजिक आचरण और व्यक्तिगत विकास के बारे में ज्ञान मिलता है। वेद हमारे ज्ञान के भंडार हैं जो न केवल धार्मिक अनुष्ठानों के बारे में बताते हैं बल्कि जीवन के हर पहलू को समझने में हमारी मदद करते हैं। वेद मनुष्य को सत्य, प्रेम, अहिंसा, सेवा, संयम, त्याग, तपस्या और विश्व बंधुत्व जैसे गुणों को अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। वेद नैतिकता और सही सामाजिक आचरण के मुद्दों पर हमसे संजीदा बात करते हैं। वहीं, कुलदीप चंद अग्निहोत्री कार्यकारी अध्यक्ष हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी पंचकूला ने कहा कि हमें हर हाल में हिंदी को प्राथमिकता देते हुए हिंदी को अपनी जिंदगी में शामिल करते हुए हिंदी में बातचीत, हिंदी साहित्य पढ़ना और हर स्तर पर हिंदी को बढावा देने के लिए धरातल पर प्रयास करने होंगे। प्रो. डॉ. सारस्वत मोहन 'मनीषी' ने कहा कि आज विश्व में युद्धों का दौर जारी है, युद्ध से मानवता खून से सन गई है। हिंसा से भरे आज के हालत को शांति में सिर्फ साहित्य से बदला जा सकता है। इधर, नीलम राठी संयुक्त मंत्री राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने कहा कि यथार्थवादी दृष्टिकोण से साहित्य समाज की सच्चाइयों को उजागर करके सामाजिक परिवर्तन लाने में खूब मदद करता है। वहीं अधिवेशन में प्रथम चिंतन सत्र की मुख्य वक्ता डॉ. मंजूलता उपाध्यक्ष हरियाणा प्रांत, भूपेश अरोड़ा, कार्यकारी अध्यक्ष, डॉ. प्रदीप शर्मा प्रधान अखिल भारतीय साहित्य परिषद् पानीपत इकाई, एसडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा ने अधिवेशन में समाज और राष्ट्र के उत्थान के लिए साहित्य के महत्व को उजागर किया है।



पानीपत। एसडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा, अतिथियों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

# स्वास्थ का ध्यान रखें नागरिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। क्लासिकल होम्योपैथी विशेषज्ञ डॉ. जयश्री मालिक।

■ स्वच्छ और उबला या फिल्टर किया हुआ पानी ही पिएं

क्लासिकल होम्योपैथी विशेषज्ञ डॉ. जयश्री मालिक ने बताया कि गर्मी और इसके बाद मानसून के मौसम में गैस्ट्रोइन्टेस्टाइनल इन्फेक्शन्स जैसे उल्टी, दस्त, पेट दर्द, बदहजमी, टाइफाइड, हेपेटाइटिस ए और फूड पॉइजनिंग खास तौर पर आम हो जाती हैं। मानसून में बढ़ी नमी और गंदगी के कारण बैक्टीरिया, वायरस व फंगल इन्फेक्शन का रिस्क बढ़ जाता है। उन्होंने बताया कि इस मौसम में स्वच्छ और उबला या फिल्टर किया हुआ पानी ही पिएं। खुले में मिलने वाले फल, सलाद या अन्य खाद्य पदार्थों से परहेज़ करें। सब्जियों और फलों को अच्छे से धोकर ही सेवन करें और पत्तेदार सब्जियों के इस्तेमाल से बचें। दूध व उससे बने उत्पादों को उबालकर एवं सही तरह से स्टोर करें। भोजन को हमेशा ढककर रखें और बचा हुआ खाना फ्रिज में रख लें। विशेष ध्यान दें कि बाहर और भीड़-भाड़ वाली जगहों पर खाना खाने से बचें। हाथों की स्वच्छता बनाए रखें। खाने से पहले और शौच के बाद अच्छी तरह हाथ धोएं। बच्चों तथा बुजुर्गों को हल्का और घर का बना हुआ भोजन ही दें। डॉ. जयश्री मालिक ने सलाह दी कि स्वास्थ्य खराब होने पर उनसे उपचार लें। गैस्ट्रोइन्टेस्टाइनल इन्फेक्शन्स जैसे उल्टी, दस्त, पेट दर्द, बदहजमी, टाइफाइड, हेपेटाइटिस ए और फूड पॉइजनिंग में क्लासिकल होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति बेहद कारगर है।

### सत्य कर्म करने से मिलता है सुख

**पानीपत।** पानीपत के गांव राजाखेड़ी में जैन संतों श्री रोहित मुनि महाराज श्रेयांश मुनि महाराज व रजत मुनि महाराज ठाणे तीन के चल रहे चातुर्मास के पहले रविवार को बैंकेट हॉल में प्रवचन का आयोजन हुआ।

जिसका विषय था सुखी कैसे बनें रोहित मुनि जी महाराज ने फरमाया कि यदि हमारे मुख पर प्रसन्नता होगी तो दुःखी व्यक्ति भी सुखी बन जाएगा। हम पुण्य के बीज बोएंगे तो हमेशा सुखी रहेंगे। इससे जीवन की दिशा और दशा पर प्रभाव पड़ेगा। सत्य कर्म करने से सुख मिलता है। लोगों ने बड़े ही उत्साह के साथ प्रवचनों को सुना।

# दुकानदार व व्यापारी त्रस्त जनप्रतिनिधि मस्त : रणबीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



■ शहर के जन प्रतिनिधियों समाधान करने की मांग की

इनेलो व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव रणबीर देशवाल ने शहर के बाजारों में दुकानदारों को बार-बार परेशान करने पर कड़ी आपत्ति जताते हुए शहर के जन प्रतिनिधियों को आगे आकर समाधान करने की मांग की है। रणबीर देशवाल ने कहा कि पिछले कई दिनों से पानीपत शहर के विभिन्न बाजारों में नगर निगम का अमला कभी भी जेसीबी लेकर पहुंच जाता है तथा दुकानदारों को थड़े व छज्जे के नाम पर परेशान करने का काम किया जा रहा है। जबकि हाल फिलहाल दुकानदारों ने नियमों के अंतर्गत अपनी दुकानों को लगाया हुआ है। उसके बावजूद दुकान के बोर्ड या अन्य बहाने से दुकान पर ग्राहक होने के बावजूद जेसीबी का मुंह उनकी दुकान की तरफ करके दुकानदारी खराब करने का काम किया जा रहा है जो न्याय संगत नहीं है।

# प्रो. दलजीत को कल्याणी ट्रस्ट ने सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पर्यावरण के क्षेत्र में अनुकरणीय योगदान के लिए कल्याणी एजुकेशन वेलफेयर ट्रस्ट के पर्यावरण क्षेत्र में ब्रांड एंबेसडर ग्रीनमैन असिस्टेंट प्रोफेसर दलजीत कुमार को सिध्वी फाउंडेशन तेलंगाना व ग्लोबथिक साउथ एशियन सेंटर जेनेवा, स्विट्जरलैंड द्वारा दो दिवसीय पर्यावरण संरक्षण विषय पर आयोजन ऑनलाइन कॉन्फ्रेंस में बेस्ट एनवायर्नमेंटलिस्ट अवार्ड 2025 मिलने पर इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के उपलक्ष्य में कल्याणी एजुकेशन वेलफेयर ट्रस्ट के चेयरमैन संदीप कल्याणी के नेतृत्व में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रो. दलजीत को शॉल, स्मृति चिन्ह और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में राजकीय विद्यालय धंसोली के कार्यवाहक प्रिंसिपल सोनू और वरिष्ठ समाजसेवी मोना शर्मा ने शिरकत की। वहीं, ट्रस्ट के चेयरमैन संदीप कल्याणी ने कहा ग्रीनमैन प्रो दलजीत ने अपने जीवन को पर्यावरण की सेवा में समर्पित कर दिया है। देशभर में चलाए गए वृक्षारोपण अभियानों, जल संरक्षण अभियानों और हरित जीवनशैली को लेकर जागरूकता कार्यक्रमों ने हजारों युवाओं को प्रेरित किया है। अंतरराष्ट्रीय मंच पर उन्हें यह सम्मान मिलना, हमारे ट्रस्ट और देश दोनों के लिए गर्व की बात है।



पानीपत। कल्याणी एजुकेशन वेलफेयर ट्रस्ट के पदाधिकारी ग्रीनमैन प्रो. दलजीत को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

*भाजपा सरकार की कार्य प्रणाली से हर वर्ग दुखी*

# सरकार का कार्य बसाना है उजाड़ना नहीं : छौक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा।

भाजपा सरकार की कार्य प्रणाली से हर वर्ग दुखी है। सरकारों का काम जनता को जन सुविधाएं उपलब्ध कराना है ना की 1300 साल पहले बसे हुए एक ऐतिहासिक गांव को उजाड़ना। उक्त बातें कांग्रेस प्रवक्ता संजय छौक्कर ने अनंगपुर में आयोजित महापंचायत में कही। उन्होंने कहा की राजा अनंगपाल की धरोहर अनंगपुर ऐतिहासिक रूप से बहुत महत्व रखता है और हम सबके लिये बहुत गौरवशाली है। आज सरकार द्वारा यहां के लोगों को प्रताड़ित किया जा रहा है। इस मान-सम्मान एवं अपने हक की लड़ाई में गांव वासी अकेले नहीं हैं सर्व समाज गांव के साथ खड़ा है। हम सब मिलकर अपने गौरवशाली गांव अनंगपुर को बचाकर रहेंगे।



युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष संजय छौक्कर अनंगपुर में महापंचायत को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि



एसडी कॉलेज में भजन गाते हुए आर्ट ऑफ़ लिविंग पानीपत चैप्टर के स्वयंसेवीगण।

# आर्ट ऑफ़ लिविंग ने सत्संग व आध्यात्मिक कार्यक्रम किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर पानीपत आर्ट ऑफ़ लिविंग चैप्टर द्वारा एसडी कॉलेज में सत्संग एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गुरु के प्रति आभार प्रकट करते हुए गुरु पूजा से हुई, जिसे हरियाणा स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर कुसुम धीमान व अमन ज्योति द्वारा संपन्न कराया गया। मंच संचालन आर्ट ऑफ़ लिविंग की सीनियर टीचर दीपिका डावर ने किया, जिन्होंने पूरे कार्यक्रम को अनुशासित और भावनात्मक रूप से जोड़े रखा। चंडीगढ़ से आईं वरिष्ठ भजन गायिका और प्रशिक्षिका पोलमी ने भजनों की प्रस्तुति दी। वहीं, सत्संग में मुख्यातिथि मेयर कोमल सैनी ने अपने संबोधन में आर्ट ऑफ लिविंग संस्था की सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्था समाज में शांति, सकारात्मक सोच और तनावमुक्त जीवन के लिए प्रेरणा देती है। इस अवसर पर मोनिका गुप्ता, संजीव मनचंदा, हरीश बंसल, कृष्णा गुप्ता, वीणा गर्ग, नमन गोयल, यतिन कथूरिया, गौतम सेतिया, विक्रांत वर्मा, अनीता खुराना, विशाल गोस्वामी आदि उपस्थित रहे।

# इनर व्हील क्लब की नव पदाधिकारियों ने शपथ ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

इनर व्हील क्लब पानीपत मिडटाउन की नवनियुक्त अध्यक्ष रूपाली चोपड़ा ने अपनी टीम उपाध्यक्ष नीतू छाबड़ा, सचिव प्रियंका दुआ, कोषाध्यक्ष सांझी सागर, संपादक श्वेता मिगलानी व आईएसओ पूजा अमित मलिक के साथ अन्य बोर्ड सदस्यों ने पद की शपथ ली, जिसमें इनरव्हील के आदर्शों को बनाए रखने और क्लब के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए लगन से काम करने का संकल्प लिया गया। समारोह में मुख्य अतिथि मंडलाध्यक्ष पूजा गोयल, पानीपत नगर निगम की मेयर कोमल सैनी, नीरू विज, जेडसीसी आकांक्षा जैन, चार्टर प्रेसिडेंट कंचन सागर, पीडीसी नीरू गुगलानी, पीडीसी माला अवस्थी, प्रोजेक्ट चेयरमैन अनिता बत्तरा, सायशा गोयल, डॉ. अनु कालड़ा व सीमा चोपड़ा, सीमा बब्बर और इनरव्हील कल्बस पानीपत के अध्यक्ष, साउथ, सेंट्रल के पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित रहे। रूपाली चोपड़ा ने अपने कार्यकाल में स्वास्थ्य शिविर, शिक्षा सहायता, पर्यावरण अभियान और महिला सशक्तिकरण जैसे कार्यक्रमों के आयोजन पर चर्चा करते हुए उन्होंने अपनी टीम और सभी सदस्यों को उनके अटूट समर्थन के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में संपादिका श्वेता मिगलानी, मुक्ता नागपाल, अनीता बत्तरा, ज्योति रहेजा, साधिका मिगलानी, नीतू, सुधा, स्वाति, रेनु, पिंकी, सीमा, मनीषा, सोनिया, मंजरी, अदिती आदि उपस्थित रहे।



इनर व्हील क्लब पानीपत मिडटाउन की नवनियुक्त पदाधिकारीगण प्रसन्न मुद्रा में।



पानीपत से दक्ष प्रजापति जयंती में रवाना होते प्रजापति समाज के लोग। फोटो : हरिभूमि

### दक्ष प्रजापति जयंती समारोह ऐतिहासिक रहा: सिंह

**पानीपत।** भिवानी में आयोजित हुई गुरू दक्ष प्रजापति महाराज की जयंती में पानीपत से प्रजापति कुम्हार महासभा जिला के सैंकडों सदस्यों ने भाग लिया। वहीं बरसत रोड स्थित वीर धर्म कांटे से भाजपा नेता सुनील प्रजापत, बबैल रोड से निगम पार्षद अजीत उर्फ बिट्टू प्रजापत के नेतृत्व में भी सैकडों लोग दक्ष प्रजापति जयंती में शामिल होने भिवानी गए। जबकि प्रजापति कुम्हार महासभा जिला के संरक्षक सूरत सिंह बावलिया ने दावा किया कि भाजपा सरकार प्रजापति समाज की हितैषी है। वहीं भाजपा सरकार ने जितना सम्मान दक्ष प्रजापति महाराज को और प्रजापति समाज को दिया है वह स्मरणीय है। इस अवसर पर प्रजापति कुम्हार महासभा के सत्यवान काबड़ी, महावीर बावलिया, रणधीर सिंह, रामनिवास, बलजीत सिंह, विनोद कुमार, रामेश्वर सिंह गोला, धर्मपाल, दलीप सिंह, राम निवास परढाणा, पालूराम, सोहन लाल, रवि प्रजापत व राहुल आदि उपस्थित रहे।

अमेरिका के बर्मिंघम अलाबामा में आयोजित 21 वें वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स

# अमेरिका में मेडल विजेता खिलाड़ियों का ग्रामीणों ने विजय जुलूस निकाल कर भव्य स्वागत किया

■ दोनों खिलाड़ियों ने बाबा लाठे वाले मंदिर में शीश झुका कर महंत नरेश पुरी से आशीर्वाद लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इसराना

अमेरिका के बर्मिंघम अलाबामा में आयोजित 21 वें वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स के विजेता खिलाड़ियों नीतू जागलान व दलबीर जागलान का गांव नौल्था पहुंचने पर ग्रामीणों ने विजय जुलूस निकाल कर जोरदार स्वागत किया। वहीं, वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स के कराटे में नीतू जागलान ने एकाकी व संयुक्त टीम में डबल गोल्ड मेडल व दलजीत जागलान ने आर्म्स रेसलिंग में सिल्वर मेडल जीत कर पूरी दुनिया में अपना, भारत, हरियाणा, पानीपत व गांव नौल्था का नाम रोशन किया है। नीतू व दलजीत क विजय से गदगद ग्रामीणों ने दोनों का डाहर टोल पर स्वागत किया व रोड शो निकालते हुए गांव नौल्था पहुंचे। दोनों खिलाड़ियों ने बाबा लाठे वाले मंदिर में शीश झुका कर महंत नरेश पुरी से आशीर्वाद लिया।

कार्यक्रम में ग्रामीणों ने नीतू जागलान के कोच आर मारी मुत्तु, दलजीत जागलान के कोच विनोद कुमार को भी सम्मानित किया। नीतू जागलान आईटीबीपी पंचकूला में बतौर कांस्टेबल कार्यरत है। जबकि दलजीत जागलान आल इंडिया कबड्डी में पार्टिसिपेट के हरियाणा पुलिस में भर्ती हुए थे। वे अब मधुबन में बतौर एएसआई कार्यरत है। इस मौके पर चौबीसी प्रधान तेजवीर जागलान, आईटीबीपी से कमांडेंट प्रदीप कुमार, एसआई मंजीत कपूर, सरपंच बलराज जागलान, नीरज कौशिक, समरजीत जागलान, बलबीर जागलान, हरेंद्र चौहान, ईश्वर जागलान, सुखबीर जागलान समेत बडी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे



इसराना। वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स के विजेताओं नीतू व दलबीर को सम्मानित करते गांव नौल्था के ग्रामीण।




पानीपत। हरियाणा स्वीमिंग चैंपियनशिप में पानीपत के विजेता तैराकों को सम्मानित करते हुए अथितिगण। फोटो :हरिभूमि

### स्टेट स्वीमिंग चैंपियनशिप में पानीपत के तैराकों की लहरों पर रफ्तार

**पानीपत।** हरियाणा स्टेट स्वीमिंग चैंपियनशिप का आयोजन बहादुरगढ़ में हुआ। वहीं पानीपत जिला तैराकी टीम ने अपने शानदार प्रदर्शन से सभी का दिल जीत लिया। व्यक्तिगत स्पर्धाओं से लेकर रिले इवेंट्स तक, पानीपत के होनहार तैराकों ने दमखम दिखाते हुए कई पदक अपने नाम किए। ग्रुप-टू के उभरते हुए तैराक अनिरुद्ध ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार स्पर्धाओं में पदक जीतकर सबको प्रभावित किया। 50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में रजत पदक, 100 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में कांस्य पदक, 50 मीटर फ्री स्टाइल में कांस्य पदक, 100 मीटर फ्री स्टाइल में रजत पदक, ग्रुप-फोर के प्रतिभाशाली खिलाड़ी मनन ने भी दमदार तैराकी का प्रदर्शन करते हुए 200 मीटर फ्री स्टाइल में स्वर्ण पदक, 100 मीटर फ्री स्टाइल में कांस्य पदक जीता। इधर, 4-50 मीटर फ्री स्टाइल रिले में मनन, गहन, वंश व क्यांश की टीम ने कांस्य पदक, 4-50 मीटर मेडले रिले में मनन, क्यांश, समर्थ, रुद्र की टीम ने कांस्य पदक जीता। वहीं, इस शानदार प्रदर्शन पर कोच प्रदीप ने कहा ‍‍"यह बच्चों की मेहनत और अनुशासन का नतीजा है। उन्होंने हर दिन कठिन अभ्यास किया और आज उसका फल मिल रहा है। इस अवसर पर पानीपत तैराकी संघ के अध्यक्ष सुखबीर मलिक सचिव प्रवीन कादियान ने कहा कि पानीपत के तैराकों ने अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया है। सभी तैराक बधाई के पात्र है।

# 35 साल बाद भी नहीं बदली व्यवस्था, बदहाली पर आंसू बहा रहा बस स्टैंड, कोई भी नहीं ले रहा सुध

## लोगों को खाने पड़ रहे हैं धक्के, कोरोना काल के बाद से बंद हुई ट्रेनों की वजह से बसों पर पड़ा भार, फिर भी नहीं जागी सरकार

रहमदीन ▸▸| बराड़ा

जिले का प्रमुख कस्बा अब भी बेहतर परिवहन सुविधाओं से वंचित है। बस स्टैंड बनने के 35 साल बाद भी यहां न तो पर्याप्त बसें हैं। न ही इसे सब डिपो का दर्जा मिला है।

जबकि अब कस्बे को सब डिविजन का दर्जा भी मिल चुका है। सब डिपो न बनाए जाने का नतीजा यह है कि रोज़ाना अंबाला, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, शाहाबाद, पंचकूला और अन्य शहरों को जाने वाले हज़ारों यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

बस स्टैंड को सब डिपो बनाए जाने की मांग अब फिर तेज़ हो गई है। लोगों का कहना है कि बस स्टैंड को जल्द सब डिपो का दर्जा दिया जाए ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके।



बराड़ा। बराड़ा के बसस्टैंड का बाहरी दृश्य।

- लोगों का कहना है कि बस स्टैंड को जल्द सब डिपो का दर्जा दिया जाए ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके।

### 1990 में हुआ था उद्घाटन

बस स्टैंड का उद्घाटन 23 अगस्त 1990 को तत्कालीन राज्य परिवहन मंत्री वेद सिंह मलिक ने किया था। इतने सालों बाद भी यहां से लगभग वही बसें ही चल रही हैं जोकि कई सालों पहले चल रही थीं।

ऐसे में लोगों को पहले अंबाला या यमुनानगर जाकर अन्य जगहों की बसें पकड़ने को मजबूर होना पड़ रहा है। बराड़ा से शाहाबाद की बस सेवा भी हर एक घंटे के अंतराल के बाद है जिससे लोग परेशान है। क्योंकि ये बसें बाहर बस स्टैंड से होकर अधोया, उगाला होकर जाती हैं। ऐसे में बाजार वाली सवारी को इन बसों की सुविधा लेने के लिए दूर आना पड़ता है। लोगों ने मांग की है कि कुछ बसों का रूट बाजार से होकर भी होना चाहिए क्योंकि काफी सवारी बाजार की होती है।

### कोरोना ने बढ़ाई थी परेशानी

कोविड-19 महामारी के दौरान जब ट्रेनें बंद कर दी गई थीं तो आमजन की उम्मीदें रोडवेज़ से जुड़ी थीं।

लेकिन सीधी बसें न चलने के कारण यह उम्मीद भी टूट गई। ग्रामीण क्षेत्रों से बराड़ा आने वाले और यहां से अंबाला व यमुनानगर जाने वाले लोगों को रोजाना घंटेभर तक बस का इंतज़ार करना पड़ता है।

वहीं यहां से जगाधरी या सहारनपुर, चंडीगढ़ और पंचकूला की सीधी बस सर्विस न होने के कारण भी लोगों को अन्य विकल्पों की तलाश करने को मजबूर होना पड़ता है। कॉलेज स्टूडेंट साक्षी शर्मा और मनप्रीत कौर बताती हैं कि उन्हें रोज़ाना अंबाला कॉलेज जाना होता है लेकिन कॉलेज समय के भीतर अंबाला तक जाने व आने की सीधी बसें न होने के कारण उन्हें कई बार 30–40 मिनट तक इंतज़ार करना पड़ता है।

गर्मियों और बारिश में स्थिति और भी कठिन हो जाती है। यही हाल नौकरीपेशा लोगों और बुजुर्गों का है जिन्हें समय पर अपने कार्यस्थल या गंतव्य पर पहुंचने में दिक्कत होती है।

### फिर भी उपेक्षा का है शिकार

कस्बा केवल ज़िले का प्रमुख व्यापारिक और शैक्षिक केंद्र है बल्कि इसके चारों ओर दर्जनों गांव बसे हुए हैं। यहां पर निजी स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, बैंक और बाजार हैं जहां दूर-दराज़ से लोग रोज़ आते हैं। इसके बावजूद अब तक यहां न तो बस सेवाओं का विस्तार किया गया है और न ही सब डिपो की घोषणा की गई है। समाज सेवी अमरिंदर सिंह कहते हैं कि पिछले कई सालों से नेता चुनावों में बस स्टैंड को सब डिपो बनाए जाने के के वादे करते आए हैं लेकिन जीतने के बाद कोई भी इस ओर ध्यान नहीं देता। प्रशासनिक अनदेखी और राजनीतिक उपेक्षा ने जनता का भरोसा तोड़ दिया है।बस स्टैंड को सब डिपो बनाए जाने की लिखित में मांग भाजपा सरकार में पूर्व परिवहन मंत्री रह चुके मूलचंद शर्मा तक भी पहुंच चुकी थी। इस मामले में कुछ नहीं हुआ। इसके कॉंग्रेस विधायक रहे वरुण चौधरी ने इस मामले को उठाया था लेकिन तब भी केवल सरकार ने बस स्टैंड भवन की मरम्मत कर खानापूर्ति कर दी।

### मरम्मत के नाम पर किया दिखावा

*बस स्टैंड को सब डिपो का दर्जा जाना चाहिए क्योंकि यह जिला मुख्यालय से लगभग 40 किलोमीटर दूर पड़ता है। मैंने स्वयं विधायक रहते हुए यह मांग उठाई थी लेकिन सरकार ने केवल दिखावट के लिए मरम्मत का काम भर कर दिया। जब तक इसे सब डिपो नहीं बनाया जाएगा तब तक क्षेत्रवासियों की समस्याएं समाप्त नहीं होंगी।*

*-वरूण चौधरी, सांसद, अंबाला*



नारायणगढ़। मंदिर में दर्शन करने जाते योग संस्थान के सदस्य।

# योग साधकों ने पौड़ीवाला स्थित शिविर मंदिर में की पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारायणगढ़

भारतीय योग संस्थान के योग साधकों ने हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले में स्थित प्राचीन शिव मंदिर पौड़ी वाला के दर्शन किए। यह मंदिर स्वर्ग की दूसरी सीढ़ी के नाम से भी प्रसिद्ध है और धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, यह स्थल पौराणिक कथा से जुड़ा हुआ है जिसमें रावण ने भगवान शिव को प्रसन्न करने हेतु तपस्या कर अमरत्व का वरदान प्राप्त करने की चेष्टा की थी।

संस्थान के जोन प्रधान संजय धीमान ने बताया कि यह पावन स्थल नाहन से मात्र 7.6 किलोमीटर की दूरी पर कालाअंब रोड पर स्थित है। पुरानी मान्यता के अनुसार रावण द्वारा बनाई गई पहली सीढ़ी हरिद्वार में हर की पौड़ी पर स्थित है। दूसरी सीढ़ी यहीं पौड़ी वाला में बनाई गई थी। इसी कारण इसे स्वर्ग की दूसरी सीढ़ी के नाम से जाना जाता है।

सभी योग साधकों ने श्रद्धा के साथ मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक किया। योग साधक पंडित रमाशंकर ने मंत्रोच्चारण के साथ विधिपूर्वक अभिषेक संपन्न कराया। इस अवसर पर सभी साधकों ने मंदिर परिसर के प्राकृतिक सौंदर्य और शांत वातावरण का आनंद लिया। सह केंद्र प्रमुख कनिका अग्रवाल ने कहा कि भारतीय योग संस्थान समय-समय पर ऐसे प्राचीन, ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों की यात्राएं आयोजित करता रहता है। इसमें योग साधकों में आपसी भाईचारा बढ़े और भारतीय संस्कृति एवं इतिहास के बारे में जानकारी प्राप्त हो। यह यात्रा सभी योग साधकों के लिए आध्यात्मिक ऊर्जा और सांस्कृतिक चेतना से परिपूर्ण रही।

## खबर संक्षेप

### मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल खुला

**अंबाला।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग उपनिदेशक जसविंद्र सैनी ने बताया कि सरकार द्वारा वर्तमान सीजन खरीफ 2025 फसल पंजीकरण हेतू मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल खोल दिया है । सभी किसान अपनी फसलों का मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर आवश्यक पंजीकरण करवाए ताकि किसानों को मंडियों में फसल बेचते समय किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

### किसान करवाएं पंजीकरण

**अंबाला।** कृषि विज्ञान केंद्र तेपला में केंचुआ खाद उत्पादन पर 4 अगस्त तक प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। केंचुआ खाद तैयार करने के लिए स्टेप वाइज जानकारी दी जाएगी एवं भंडारण प्रबंधन एवं विपणन के बारे में बताया जाएगा। इच्छुक किसान पहले आओ पहले पाओ आधार पर पंजीकरण करवा सकते हैं। पंजीकरण हेतू आधार कार्ड की प्रति, 2 फोटो एवं पिछला कक्षा का प्रमाण पत्र अवश्य लाएं। पंजीकरण पूर्णतः निशुल्क होगा।

### आवेदन के लिए अंतिम तिथि 31

**अंबाला।** जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनीषा गागट ने बताया कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए अब आवेदन आमंत्रित किए हैं। इसकी अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 है। उन्होंने बताया कि इच्छुक एवं पात्र प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से कर सकते हैं।

# भाविप ने देहदान का संकल्प लेने वाले परिवार को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारायणगढ़

भारत विकास परिषद के प्रयासों से देहदान का अत्यंत सराहनीय एवं अनुकरणीय उदाहरण स्थापित करने वाले गांव खानपुर लुबाना के राजेश भसीन एवं उनकी माता कमलेश रानी , पत्नी पिंकी बाला एवं उनके सुपुत्र प्रदीप कुमार को पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। उनके इस निर्णय पर उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट की गई।

इस अवसर पर परिषद पदाधिकारियों द्वारा समाज को देहदान एवं नेत्र दान के लिए प्रेरित करने का संकल्प भी लिया गया । देहदानियों एवं परिषद पदाधिकारियों द्वारा इस अवसर पर समाज से देहदान एवं नेत्र दान के लिए आह्वान किया गया ताकि जरूरतमंदों को अंग एवं मेडिकल कॉलेजों में पढ़ने वाले भावी डॉक्टर्स को उनकी पढ़ाई में मदद मिल सके । इस अवसर पर परिषद अध्यक्ष डॉक्टर रोहित सैनी , महासचिव सुरेश गोयल , कोषाध्यक्ष भूपिंदर अग्रवाल , सहसचिव डॉक्टर अनिरुद्ध भूषण , संस्कार संयोजक जय प्रकाश गर्ग , पर्यावरण संयोजक राजीव मेहता , पूर्व उपाध्यक्ष रविन्द्र जोशी एवं विजय सैनी उपस्थित थे ।



नारायणगढ़। देहदान का संकल्प लेने वाले परिवार को सम्मानित करते सदस्य।

# शिविर में 45 लोगों ने किया रक्तदान

- कई ने जीवनभर सेवा करने का लिया संकल्प
- शहीद-ए-आज़म भगत सिंह सेवा ट्रस्ट की ओर से बब्याल में आयोजित किया शिविर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

रविवार को शहीद-ए-आज़म भगत सिंह सेवा ट्रस्ट ने गांव बब्याल में 17 वें रक्त दान शिविर का आयोजन किया। इसमें लगभग 40-45 यूनिट गवर्नमेंट सिविल अस्पताल की टीम द्वारा एकत्र की गईं। इसमें अंबाला शहर के सेक्टर एक की डॉ. प्राची गुप्ता ने निशुल्क डेंटल चेकअप की सेवाएं दी। जबकि फ्री में आंखों की जांच माधव नेत्र बैंक द्वारा करवाई गई। इसमें कुछ बच्चों का फ्री आंखों का निशुल्क ऑपरेशन भी करने के लिए चुना गया। इस दौरान फ्री चश्में और दवाइया भी दी गई । शिविर में चीफ गेस्ट के तौर पर भाजपा नेता राम बाबू यादव और नप सदस्य संदीप शर्मा उपस्थित रहे । ट्रस्ट ने अनुभवी डॉक्टरों की मदद ली है जिन्होंने पूरी प्रक्रिया के माध्यम से रक्त दाताओं को शांति से निर्देशित किया। कई दाताओं ने प्रतिज्ञा की कि वे अब से नियमित रूप से रक्त दान करेंगे। कुल मिलाकर रक्त दान शिविर एक बड़ी सफलता थी। अंत में ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश कुमार ने सभी रक्तदाताओं, डॉक्टरों और ट्रस्ट सदस्यों को उनके योगदान के लिए आभार जताया।



अंबाला। रक्तदाताओं को बैज लगाते मुख्यअतिथि।

# दो चुटकी राख या दो नेत्रहीनों को आंख : पवन सचदेवा

- पवन सचदेवा की सूचना पर माधव नेत्र बैंक करनाल की टीम शाहाबाद पहुंची और दिवंगत के नेत्र सुरक्षित किए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

जीते-जीते रक्त दान, जाते जाते नेत्रदान चलाए अभियान के अंतर्गत चम्पा वधावन की आंखें माधव नेत्र बैंक करनाल द्वारा सुरक्षित कर ली गई। शाहाबाद निवासी दिवंगत चम्पा वधावन के पुत्र वरिन्द्र वधावन व अश्वनी वधावन ने पवन सचदेवा को सूचित किया। पवन सचदेवा की सूचना पर माधव नेत्र बैंक करनाल की टीम शाहाबाद पहुंची और दिवंगत के नेत्र सुरक्षित किए। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय पंजाबी सभा शाहाबाद के प्रधान व कैमिस्ट एवं ड्रगिस्ट एसोसिएशन के चेयरमैन पवन सचदेवा पिछले 17 वर्षो से लगातार शाहाबाद में अभियान चला कर आमजन को जीते-जीते रक्तदान, जाते जाते नेत्रदान व शरीर दान के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उनके प्रयासों से शाहाबाद जैसे छोटे शहर से अब तक 544 महानुभावों के मरणोपरांत नेत्र दान हो चुके है।

# विशेष चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूट को मंजूरी बेसहारा दिव्यांग बच्चों को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

जिला प्रशासन और बाल कल्याण समिति के सहयोग से बेसहारा दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूट (एससीसीआई) को मंजूरी मिल गई है। संस्थान में बेसहारा हुए दिव्यांग बच्चों को रहने खाने और पढ़ने की व्यवस्था रहेगी। जिसके लिए संस्थान को ही शुरू में खर्च उठाना होगा। हालांकि विभाग द्वारा सामाजिक संस्थाओं के जरिये संस्थान को आर्थिक मदद व अन्य संसाधनों को जुटाने के लिए मदद दिलवाई जाएगी। मंजूरी मिलने के बाद अब जल्द ही बच्चों को भेजना शुरू कर दिया गया है। फिलहाल संस्थान में एक ही बच्चा मिला है। बाल कल्याण समिति को दिव्यांग बच्चे मिलते हैं। जिन्हें आश्रम में ही निवास दिया जाता है। मगर इन आश्रमों में रहने की व्यवस्था तो रहती है मगर बच्चों को पढ़ने के लिए कोई सुविधा नहीं मिलती। इसलिए यह कदम उठाया गया है। इसके लिए विभाग के पास विशेष एजुकेटर भी हैं। जो बच्चों को पढ़ाने का कार्य करेंगे।



जिला बाल कल्याण समिति की चेयरपर्सन रंजीता सचदेवा ने बताया कि तीन वर्षों तक निजी संस्थानों को अपने स्तर पर ही यह इंस्टीट्यूट चलाना होगा। इसके बाद विभाग की ओर से प्रमाणित होने के बाद ग्रांट दी जाएगी। इस समय अवधी के दौरान विभाग की टीमें समय- समय पर व्यवस्थाओं का जायजा भी लेंगी। इसी आधार पर प्रमाणित होने के नंबर दिए जांएगे।

# रेलवे रोड के किनारे कई दिन से खुला छोड़ा गड्ढा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कलायत

कलायत में जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा रेलवे रोड के किनारे कई दिन से खुला छोड़ा गया गड्ढा सरेआम हादसे को निमंत्रण दे रहा है। आसपास के दुकानदारों और आम लोगों के लिए परेशानी बनी समस्या के निवारण के लिए कई बार अधिकारियों से फरियाद लगा चुके हैं। समस्या जस की तस है। राजू, विनोद कुमार, रमेश, होशियार सिंह, सुनील कुमार व अन्य ने बताया कि एक सप्ताह पहले जन स्वास्थ्य विभाग ने पेयजल सप्लाई मैनहालों में खराब वाल को ठीक करने के नाम पर गड्ढे खोद थे। दोबारा से इनकी सुध नहीं ली। ऐसे में सडक़ किनारे कई फीट गहरे तीन गड्ढे हर किसी के लिए परेशानी बने हैं। हालांकि दो गड्ढों की तो रिपेयर कर दी गई। एक गड्ढा अभी भी खुला है। इसका मरम्मत कार्य नहीं किया गया है। इस खुले गड्ढों के कारण रेलवे रोड से गुजरने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने जन स्वास्थ्य विभाग अधिकारियों से तत्काल गड्ढे की मरम्मत कराने की मांग की है जन स्वास्थ्य विभाग एसडीओ नरेश जागलान ने बताया कि सडक़ किनारे बनाई गई वाटर सप्लाई के होद में मौजूद वाल खराब होने के कारणगंदा पानी मिक्स होकर पेयजल सप्लाई पाइप आ रहा हे।

# मुथूट माइक्रोफिन के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक पर 28,640 रुपये की धोखाधड़ी का आरोप

- पुलिस ने शाखा प्रबंधक के खिलाफ केस दर्ज कर शुरू की जांच

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बराड़ा

मुथूट माइक्रोफिन लिमिटेड के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक पर कंपनी और ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी कर 28,640 की रकम गबन करने का आरोप लगा है। पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।शिकायत मुथूट माइक्रोफिन लिमिटेड के डिविजनल मैनेजर रजनेश कुमार द्वारा की गई है। उन्होंने वरिष्ठ शाखा प्रबंधक राहुल कुमार के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं। रजनेश के अनुसार राहुल कुमार ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए 10 अलग-अलग ग्राहकों से मासिक किस्तों की वसूली की लेकिन वह रकम कंपनी के बैंक खाते में जमा नहीं की गई।शिकायत में उल्लेख किया गया है कि कुल 28,640 की राशि गबन की गई। साथ ही राहुल कुमार ने भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार ग्राहकों को दिए जाने वाले लोन कार्ड और स्क्रॉल शीट भी जानबूझकर गायब कर दिए। इससे कंपनी की साख को ठेस पहुंची और ग्राहकों के सिबिल स्कोर पर भी नकारात्मक असर पड़ा। कंपनी की आंतरिक जांच में इस धोखाधड़ी का खुलासा हुआ जिसके बाद पुलिस को इसकी लिखित शिकायत दी गई थी। आर्थिक अपराध शाखा द्वारा की गई जांच के आधार पर मामला दर्ज किया है। अब पुलिस जल्द ही आरोपी को काबू करने की बात कह रही है।

## आश्रम के सभी खराब एसी करवाए गए ठीक, मेमोग्राफी टेस्ट कैंप का होगा आयोजन

# रोटरी क्लब अंबाला डायमंड ने 20 बुजुर्गों को दिया लंच

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

रोटरी क्लब अंबाला डायमंड ने प्रधान राजीव मल्होत्रा की अध्यक्षता मे अंबाला कैंट के वृद्ध आश्रम मे बुजुर्गों को खाना खिलाया गया।

इस प्रोजेक्ट के चेयरमैन कंवलदीप सिंह ने बताया कि क्लब ने वृद्ध आश्रम के सभी 20 लोगों को दोपहर का भोजन कराया। साथ ही उन्हें फल वितरित किए। सभी को घेवर खिलाकर सावन के आगमन का स्वागत किया। क्लब ने वृद्ध आश्रम मे सभी ख़राब एयर कंडीशनर्स को भी ठीक कराने के लिये सहयोग दिया। क्लब के सचिव राजन गुप्ता ने बताया कि रोटरी द्वारा चिकित्सा और शिक्षा के क्षेत्र में समाजसेवा से जुड़े बहुत से कार्य किए जाते हैं। इस कड़ी में क्लब द्वारा ग डॉ. आदित्य और डॉ. सुमन के साथ मिलकर मेमोग्राफी टेस्ट कैंप का आयोजन फारुखा खालसा स्कूल में किया जाएगा। साथ ही क्लब की ओर से बच्चों के लिए मुफ्त दांत चेकअप कैंप का आयोजन भी किया जाएगा। ।

क्लब के कैशियर डॉ. अश्वनी भारद्वाज ने बताया कि क्लब ने सरकारी स्कूल बलाना को रोटरी के हैप्पी स्कूल प्रोजेक्ट के लिए चिन्हित किया हैद्ध। इसमें विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। साथ ही क्लब स्कूल को चार सोलर लाइट भी उपलब्ध कराएगा ताकि रात मे भी स्कूल रोशनी से जगमगाता रहे। रोटरी ने 100 जरूरतमंद बच्चों को स्कूल बस्ते भी उपलब्ध कराए हैं जिसके प्रोजेक्ट चेयरमैन अमित गोयल रहे। क्लब के डायरेक्टर अभिनव सिंगला ने उपस्थित सदस्यों विकास शर्मा, सचिन गोयल, महेश मित्तल, राकेश भंडारी विशाल गुप्ता का इस प्रोजेक्ट मे शामिल होकर सेवा मे भाग लेने के लिए आभार जताया।



अंबाला। वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को खाना परोसते हुए क्लब पदाधिकारी।